# भारतीय संविधान में अधिकार Important Questions Class 11 Political Science Book 2 Chapter 2 in Hindi

## 1 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 अधिकारों का घोषणा–पत्र किसे कहते है?**

उत्तर – संविधान द्वार प्रदत्त और संरक्षित अधिकारों की सूची को अधिकारों का घोषणा पत्र कहते है।

**प्रश्न 2 किसी एक व्यक्ति के नागरिक अधिकारों को अन्य व्यक्ति या निजी संगठन से खतरा है। इस स्थिति में खतरे से सुरक्षा कौन प्रदान करेगा?**

उत्तर – सरकार।

**प्रश्न 3 मोतीलाल नेहरू समिति क्या थी?**

उत्तर – 1928 में, स्वतंत्रता सेनानी मोती लाल नेहरू द्वारा अंग्रेजों से भारतीयों के लिए अधिकारों के एक घोषणा पत्र की मांग की, उसे नेहरू समिति कहा गया।

**प्रश्न 4 सामान्य अधिकार किसे कहते है?**

उत्तर – वे अधिकार जो साधारण कानूनों की सहायता से लागू किये जाते है।

**प्रश्न 5 मौलिक (मूल) अधिकारो से क्या अभिप्राय है?**

उत्तर – क्योंकि यह व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास में सहायक होते है।

**प्रश्न 6 दक्षिण अफ्रीका का संविधान कब लागू हुआ?**

उत्तर – दिसम्बर 1996 में

**प्रश्न 7 दुनियां में संभवतः सबसे अधिक व्यापक अधिकार किन नागरिकों को मिले है?**

उत्तर – दक्षिण अफ्रीका के नागरिकों को।

**प्रश्न 8 क्या मौलिक अधिकार पूर्ण अधिकार है?**

उत्तर – नहीं, यह पूर्ण नहीं हैं कुछ विशेष परिस्थितियों (आपातकाल) में निलंम्बित भी किया जा सकता है।

**प्रश्न 9 भारतीय संविधान के किस भाग में मौलिक अधिकार वर्णित हैं?**

उत्तर – भाग तीन में।

**प्रश्न 10 कौन-सा अनुच्छेद कहता है कि आरक्षण जैसी नीति को समानता के अधिकार के उल्लंघन के रूप में नही देखा जा सकता।**

उत्तर – अनुच्छेद-16 (4)।

**प्रश्न 11 निवारक नजरबंदी किसे कहते है?**

उत्तर – किसी व्यक्ति को इस आशंका के आधार पर गिरफ्तार करना कि वह कोई गैर-कानूनी कार्य करने वाला है, इसे ही निवारक नजरबंदी कहते है।

**प्रश्न 12 परमादेश का क्या अर्थ है?**

उत्तर – अर्थ है-हम आदेश देते हैं। निचली अदालत अथवा किसी व्यक्ति को अपना कर्तव्य करने के लिए मजबूर करना ।

**प्रश्न 13 अधिकार पृच्छा से आप क्या समझते हैं?**

उत्तर – यह आदेश (रिट) उस व्यक्ति के खिलाफ जारी होता है, जिसने गलत तौर पर पद हासिल कर लिया हो।

**प्रश्न 14 उत्प्रेषण रिट क्या होती है?**

उत्तर – उत्प्रेषण रिट का अर्थ है- हमें सूचना दी जाएं। इसमें निचली अदालत को किसी विशेष मामले का ब्यौरा उच्च या उच्चतर अदालत को देने का आदेश होता है।

**प्रश्न 15 संविधान का हृदय और आत्मा किस अधिकार को कहा जाता है?**

उत्तर – संवैधानिक उपचारों के अधिकार को।

## 2 अंकीय प्रश्न:

**प्रश्न 1 भारतीय संविधान में वर्णित छः अधिकारों को मूल (मौलिक) की संज्ञा क्यो दी गई है?**

उत्तर – यह अधिकार वर्षों से चले आ रहे मूल्यों एवं सिद्धान्तों का प्रतीक है। इनके द्वारा व्यक्ति का सर्वागीण विकास होता है।

**प्रश्न 2 मौलिक अधिकारों को किस परिस्थिति में निलम्बित किया जा सकता है?**

उत्तर – मौलिक अधिकार, विशेषकर अनुच्छेद-19 आपातकाल की स्थिति में निलम्बित किए जा सकते हैं।

**प्रश्न 3 भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का क्या अर्थ है?**

उत्तर – इसका अर्थ है कि व्यक्ति अपने विचारों को शब्दों के रूप में लिखकर, प्रेस द्वारा छपवाकर, तस्वीरों के द्वारा या कियी अन्य माध्यम से लागों तक पहुंचाना।

**प्रश्न 4 बंधुआ मजदूरी से आप क्या समझते है?**

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर – जमींदारों, सूदखोरों और अन्य धनी लोगों द्वारा गरीबों से पीढ़ी दर पीढ़ी मजदूरी करवाना । अब इसे अपराध घोषित कर दिया गया।

**प्रश्न 5 बन्दी प्रत्यक्षीकरण क्या है?**

उत्तर – न्यायालय द्वारा किसी गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायालय/जज के सामने उपस्थित होने/ करने का आदेश दिया जाना बंदी प्रत्यक्षीकरण कहलाता है।

**प्रश्न 6 शोषण के विरूद्ध अधिकार के अन्तर्गत कौन-से दो प्रावधान है?**

उत्तर – (i) अनुच्छेद-23 राज्य पर सकारात्मक जिम्मेदारी डालता है कि वह व्यक्तियों के व्यापार, तथा बेगारी एवं बंधुआ मजदूरी पर प्रतिबंध लगाए।

(ii) अनुच्छेद-14, राज्य 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों को खदानों, कारखानों एवं खतरनाक काम करवाने पर रोक लगाए।

**प्रश्न 7 मौलिक अधिकारों के दो महत्व लिखिए।**

उत्तर – (i) नागरिकों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

(ii) भारतीय लोकतंत्र का आधार हैं।

**प्रश्न 8 कानूनी अधिकार कौन-से होते हैं?**

उत्तर – कानूनी अधिकार वे अधिकार होते है जिन्हें किसी देश के संविधान ने सूचीबद्ध कर रखा है। तथा जिसे उल्लघंन करने पर उल्लंघनकर्ता को सजा मिलती है।

**प्रश्न 9 क्या नीति निर्देशक तत्व न्याय संगत है?**

उत्तर – नहीं, नीति निर्देशक तत्व न्याय संगत नहीं है। इनके उल्लंघन पर आप न्यायालय में नहीं जा सकते।

**प्रश्न 10 मौलिक अधिकार एवं नीति निर्देशक तत्वों में अन्तर लिखिए ।**

उत्तर – अन्तर- (i) मौलिक अधिकार न्याय संगत है। नीति निर्देशक तत्व न्याय संगत नहीं है।

(ii) मौलिक अधिकारों का स्वरूप निषेधकारी है। जबकि नीति निर्देशक तत्वों का स्वरूप सकारात्मक है।

**प्रश्न 11 मौलिक अधिकारों एवं नीति निर्देशक तत्वों के मध्य विवाद केन्द्र में कौन-सा अधिकार था?**

उत्तर – सम्पत्ति का अधिकार, जिसे 44वें संविधान संशोधन द्वारा मौलिक अधिकारों की सूची से निकाल दिया गया।